CNews सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-199
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

# बिहार सिटी चीफ



बिहार, गुरुवार, 24 अक्टूबर 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

**आज का विचार**

भावनाओं को समझने के लिए शब्दों का साथ चाहिए, और रिश्ता निभाने के लिए मन में विश्वास चाहिए।

# चक्रवाती तूफान दाना पर इंडियन रेलवे अलर्ट, 12 ट्रेन रद्द

## पटना की ये ट्रैन शामिल, देखे पूरी लिस्ट

पटना की ये ट्रैन शामिल, देखे पूरी लिस्ट

रांची, चक्रवाती तूफान 'दाना' पश्चिम बंगाल, ओडिशा समेत झारखंड में भी तबाही मचा सकता है. बताया जा रहा है कि अंडमान सागर और उससे सटे पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दवाब का जो क्षेत्र बना है वह लगातार पाश्चिम-उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है. आज इसके चक्रवात में बदल जाने की आशंका है. मौसम विभाग ने बताया है कि ओडिशा के पुरी और सागर द्वीप के बीच यह सिस्टम तट से टकराएगा और सीवियर साइक्लोनिक तूफान का रूप ले लेगा. जिस समय यह तटीय इलाके में प्रवेश करेगा, उस समय इस तूफान की स्पीड 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है और 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के झोंके चलने लगेंगे. इसको देखते हुए भारतीय रेलवे ने भी सतर्कता बरती है और कई ट्रेनों के



परिचालन रद्द करने की घोषणा की है वहीं, कइयों के रूट बदल दिये गए हैं. ओडिशा और पश्चिम बंगाल में आने वाले संभावित चक्रवाती तूफान 'दाना' के मद्देनजर इन ट्रेनों का परिचालन रद्द किया गया.

1. दिनांक 24.10.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 03230 पटना-पुरी स्पेशल
2. दिनांक 24.10.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 22644 पटना-एरणाकुलम एक्सप्रेस
3. दिनांक 24.10.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 02832 भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल
4. दिनांक 24.10.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 02831 धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल
5. दिनांक 24.10.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 18419 पुरी-जयनगर एक्सप्रेस
6. दिनांक 26.10.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 18420 जयनगर-पुरी एक्सप्रेस
7. दिनांक 23.10.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 22824 नई दिल्ली-भुवनेश्वर तेजस राजधानी
8. दिनांक 25.10.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 22823 भुवनेश्वर-नई दिल्ली तेजस राजधानी
9. दिनांक 24.10.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 15227 एसएमभीबी बेंगलूरू-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस
10. दिनांक 23.10.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 12802 नई दिल्ली-पुरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस
11. दिनांक 24.10.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 12816 आनंद विहार-पुरी नंदनकानन एक्सप्रेस
12. दिनांक 25.10.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 12875 पुरी-आनंद विहार नीलांचल एक्सप्रेस

**चक्रवातीय तूफान 'दाना' के कारण कई महहत्वपूर्ण ट्रेनें रद्द**

22824 नई दिल्ली भुवनेश्वर राजधानी (वाया मूरी) 23 अक्टूबर को रद्द
22823 भुवनेश्वर नई दिल्ली राजधानी (वाया मूरी) 25 अक्टूबर को रद्द
18451 हटिया पुरी तपस्विनी एक्स 24 अक्टूबर को रद्द
18452 पूरी हटिया तपस्विनी एक्स 24 अक्टूबर को रद्द
02832 भुवनेश्वर धनबाद गरीबरथ एक्स 24 अक्टूबर को रद्द
02831 धनबाद भुवनेश्वर गरीबरथ एक्स 24 अक्टूबर को रद्द
12875 पुरी आनंदविहार टर्मिनल एक्स (वाया मूरी) 24 अक्टूबर को रद्द

सिधवार संकी रेलखंड पर परिचालन बाधित होने से कई ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी

22358 गया लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस (वाया- रांची ) यात्रा प्रारंभ दिनांक 23/10/2024 से अगले आदेश तक अपने निर्धारित मार्ग बरकाकान - संकी-टाटीसिलव -रांची के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बरकाकाना-मूरी-रांची होकर चलेगी.

22357 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गया एक्सप्रेस (वाया - रांची ) यात्रा प्रारंभ दिनांक 25/10/2024 से अगले आदेश तक अपने निर्धारित मार्ग रांची - टाटीसिलवे- संकी- बरकाकाना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रांची- मूरी-बरकाकाना होकर चलेगी.

### जेल से रची गई थी साजिश, पेंटर निकला सेटर

# सीवान में ज्वेलरी शॉप से हुई थी लूट... अब बड़ा खुलासा

**सीवान.** सीवान के नौतन में बीते रविवार (20 अक्टूबर) को एक ज्वेलरी शॉप में लूट हुई थी. इस मामले में दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. बुधवार (23 अक्टूबर) को एसडीपीओ-2 अजित प्रताप सिंह चौहान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस संबंध में जानकारी दी. वेलरी शॉप में चार से पांच की संख्या में हथियार लेकर बदमाश पहुंचे थे. दुकानदार के अनुसार करीब 15 से 20 लाख की लूट की गई थी. इसके बाद जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था और अब टीम को बड़ी सफलता मिली है.

इस मामले में सीवान निवासी मिथुन कुमार और गोपालगंज निवासी अनिल राम को गिरफ्तार किया गया है. इनके पास से एक बाइक जिसे घटना में इस्तेमाल किया गया था उसे पुलिस ने जब्त कर लिया है. एक पिस्टल, छह गोली, दो मोबाइल बरामद हुआ



है. इनके पास से लूट के कुछ गहने मिले हैं. हालांकि अभी भी और तीन आरोपित जो इस घटना में शामिल थे वह फरार हैं.

**पेंटर को सेट कर बदमाशों ने किया खेल**

मैरवा एसडीपीओ-2 ने बताया कि नौतन थाना क्षेत्र के हाफी मोड़ के पास बाइक से जा रहे दो व्यक्तियों को तलाशी के लिए रोका गया. इस दौरान एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भाग निकला. दूसरा जो पकड़ा गया उसके पास से एक पिस्टल मिली. पूछताछ में उसने अपना नाम मिथुन बताया. भागे गए व्यक्ति का नाम रितेश राम बताया. उसने स्वीकार किया है कि लूटकांड करने की साजिश गोपालगंज मंडल कारा में रची गई थी. इस कांड में ज्वेलर्स के मालिक की दुकान में पेंटिंग का काम कर रहे अनिल राम को पैसे का लालच देकर साथ में मिला लिया गया था.

**जेल में हुई थी मिथुन और पंकज की मुलाकात**

अजित प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि पकड़ा गया आरोपित मिथुन गोपालगंज मंडल कारा में शराब कांड में बंद था. तीन महीने बाद छूट गया. जेल में ही उसकी पंकज कुमार यादव से मुलाकात हुई थी. पंकज यूपी का रहने वाला है. दोनों ने मिलकर गोपालगंज मंडल कारा में ही लूट की प्लानिंग सेट कर ली थी. मिथुन जेल से बाहर आया तो फोन पर पंकज के संपर्क में था. उन्होंने कहा कि पंकज ने ही लूट को अंजाम देने के लिए मनीष यादव, रितेश राम और मंटू सिंह को मिथुन के पास भेजा था. इन सबने दुकान की रेकी की. इसके बाद दुकान में काम कर रहे अनिल राम को पैसे का लालच देकर घटना को अंजाम देने में शामिल कर लिया. पंकज यादव के इशारे पर ही इन पांच लोगों ने मिलकर इस लूट की घटना को अंजाम दिया था.

# सुबह ठंडी हवा फिर बादल की गड़गहाट

ओडिशा और पश्चिम बंगाल में आज चक्रवात और भीषण तूफान आने की आशंका है। भारतीय मौसम विभाग ने भी दोनों रायों के लिए चेतावनी जारी की है। बंगाल की खाड़ी से उठने वाला समुद्री तूफान दाना आज यानी 24 अक्टूबर को ओडिशा और पश्चिम बंगाल से टकराएगा। इसका असर बिहार के 13 जिलों में दिखेगा। मौसम विभाग ने बिहार के 20 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। बुधवार शाम से पूर्णिया, कटिहार समेत कई इलाके में बारिश हुई। इससे तापमान में गिरावट आई है। पटना में आज सुबह से चल रही ठंडी हवा ने गर्मी से राहत दी है। धूप और छांव का खेल जारी है।

**150 से भी यादा ट्रेनों को कैंसिल कर दिया**

मौसम विभाग के मुताबिक कि चक्रवाती तूफान दाना पश्चिम बंगाल और ओडिशा के कई जिलों में गंभीर रूप धारण कर सकता है। यह तूफान 24 अक्टूबर की रात से 25 अक्टूबर की सुबह के बीच ओडिशा तट को पार कर पश्चिम बंगाल के तट पर पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए रेलवे ने 150 से भी यादा ट्रेनों को कैंसिल कर दिया है। इनमें राजधानी और शताब्दी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें शामिल है।

**बिहार के इन जिलों दिखाई देगा असर**

मौसम विभाग के अनुसार, दाना तूफान का असर बिहार के कुछ जिलों में पड़ने की आशंका है। इसमें भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर, शेखपुरा, नालंदा, जहानाबाद, लखीसराय, नवादा, गया, कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज जिले शामिल हैं। मौसम विभाग ने लोगों से सावधान रहने की अपील की है।

# अंडा खिलाने के बहाने भतीजी को ले गया चाचा

## फिर किया रेप, बिहार के बेतिया का मामला

**बेतिया.** बिहार के बेतिया में एक 2.5 साल की बची से रेप का मामला सामने आया है. रिश्ते में लगने वाले चाचा पर भतीजी से रेप का आरोप लगा है. बुधवार (23 अक्टूबर) को मामला सामने आने के बाद आरोपित चाचा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. बची की तबीयत बिगड़ने पर आरोपित उसे लेकर अस्पताल पहुंचा था. यह मामला योगापट्टी थाना क्षेत्र के एक गांव का है. बताया जा रहा है जिस व्यक्ति पर रेप का आरोप लगा है वह लड़की का चाचा (सगा नहीं) लगता है. वह अंडा खिलाने के बहाने बची को लेकर गया था. बची की तबीयत खराब होने पर आरोपित शख्स खुद ही इलाज के लिए उसे लेकर योगापट्टी पीएचसी गया था. यहां पीएचसी में कार्यरत डॉक्टर को मामला संदिग्ध लगा. डॉक्टर को शक हुआ कि बची के प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ की गई है तो तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी गई . सूचना मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया. बेतिया के एसपी डॉ. सौरभ सुमन ने बताया कि ढाई साल की बची के साथ रेप की सूचना पुलिस को मिली थी. पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है. बची का मेडिकल कराने के लिए पुलिस ने जीएमसीएच भेजा है. बताया जा रहा है कि बची के माता-पिता कटिहार के रहने वाले हैं. बची अपनी मां के साथ एक साल से योगापट्टी थाना क्षेत्र में अपनी मौसी के यहां रह रही थी. महिला थाने में महिला पुलिस पदाधिकारी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है. बुधवार की देर रात एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची. मामले की जांच की जा रही है.

## एडवेंचर टूरिम में बदली बिहार की तस्वीर

# पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने भ्रमण के लिए किया आमंत्रित

बिहार में पर्यटन का प्रक्षेत्र विस्तृत हो चुका है। यहां न केवल देसी बल्कि विदेशी पर्यटकों की संख्या में अभिवृद्धि हुई है। पर्यटन विभाग आधारभूत संरचनाओं को बेहतर बनाने में जुटा हुआ है, इसके साथ ही बेहतर रूप से प्रचार-प्रसार का कार्य भी किया जा रहा है। इसे और बेहतर बनाते हुए हम सब एक काम और करें कि जब भी बिहार के बाहर के लोगों से मिलें, तो यहां की बदली हुई तस्वीर बताते हुए उन्हें बिहार भ्रमण के लिए आमंत्रित करें। ये बातें नीतीश मिश्रा, पर्यटन मंत्री, बिहार ने ज्ञान भवन में आयोजित ट्रैवल एंड टूरिम फेयर 2024 के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि हमें घरेलू के साथ देश के विभिन्न क्षेत्रों और विदेशों से पर्यटकों की आमद को यहां बढ़ाने पर काम करना है। समापन समारोह में पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने कहा कि टीटीएफ में देश के सभी बड़े रायों की भागीदारी रही, यहां से हमें कई ऐसे सुझाव प्राप्त हुए हैं, जो आगामी दिनों में योजनाओं और नीतियों को बनाने में काफी सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री तथा पर्यटन सचिव द्वारा टीटीएफ पटना के विभिन्न प्रतिभागियों को ट्रॉफी और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

**बिहार में एडवेंचर टूरिम को लेकर व्यापक अवसर**

बिहार में एडवेंचर टूरिम के विस्तार को लेकर व्यापक अवसर हैं। यहां कैसे एडवेंचर टूरिम को कैसे बढ़ा सकते हैं, इस पर विचार करने की जरूरत है। बिहार सरकार के पास एडवेंचर टूरिम को लेकर एक ब्लू प्रिंट होना चाहिए। उक्त बातें नगर विकास विभाग के सचिव और पर्यटन विभाग के पूर्व सचिव अभय कुमार सिंह ने कही। वह पर्यटन विभाग की ओर से पटना टीटीएफ 2024 के दूसरे दिन 'रोमांच और पगडंडियां- साहसिक पर्यटन की संभावनाएं' विषय पर आयोजित सेमिनार में माडरेटर के रूप में संबोधित करते हुए कह रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार में अपनी टूरिम पॉलिसी है, जिसमें सभी स्टेक होल्डर्स के लिए चीजें स्पष्ट की गई हैं। इसका लाभ भी लोग उठा रहे हैं। आने वाले समय में एडवेंचर टूरिम को लेकर एक



अलग पॉलिसी भी जरूरत पड़ने पर बनाई जा सकती है। बिहार में पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना जरूरी**

एसोसिएशन ऑफ डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स ऑफ इंडिया (एडीटीओआई) के अध्यक्ष पीपी खन्ना ने एडवेंचर टूरिम को लेकर कहा कि इसके लिए शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना जरूरी है। एडवेंचर टूरिम में युवा ही हमारे लक्षित समूह हैं। युवा ही इसे यादा करना चाहते हैं। देश में 35 वर्ष के कम उम्र के 65त्न युवा हैं। एडवेंचर टूरिम के लिए बिहार को वर्ल्ड क्लास प्रोसिजियोर को फॉलो करना चाहिए। इसके लिए यहां ट्रेंड गाइड नहीं है। पर्यटन विभाग को इसके लिए पहल करने की जरूरत है। बिहार में एडवेंचर टूरिम को लेकर इंटरनेशनल सर्टिफिकेशन के इक्विप्मन्ट नहीं हैं। जो सेफ्टी के लिए सबसे यादा जरूरी है।

एडवेंचर टूरिम को लेकर राय सरकार एक एसओपी बनाए

नेशनल एडवेंचर फाउंडेशन (एनएएफ) के चैप्टर डायरेक्टर दया शंकर मिश्रा ने कहा कि बिहार के लोग बाहर जाकर यादा एडवेंचर स्पोर्ट्स करते हैं। खासकर ओडिशा में। बिहार में इसे कर लोगों की रूचि कम है। अभी इस दिशा में लोगों को सोचने की जरूरत है। बिहार में एडवेंचर टूरिम व स्पोर्टस को लेकर सारी सुविधाएं हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन साथी के रूप में लोगों को जोड़ने और प्रशिक्षित करने की जरूरत है। एडवेंचर टूरिम को लेकर राय सरकार एक एसओपी बनाए।

**एडवेंचर टूरिम फायदेमंद चीज**

मोटरहोम एडवेंचर्स के प्रिंसिपल बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर, विदुषी सैनी ने मोटरहोम एडवेंचर टूरिम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि यह पर्यटकों के लिए काफी फायदेमंद चीज है। अगर आप मोटरहोम एडवेंचर का लुफ्त उठाते हैं तो आप एकदम प्रकृति के करीब व सुदूर जंगलों में भी पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए घर जैसा आनंद ले सकते हैं। सेमिनार के समापन पर बिहार राय पर्यटन विकास निगम (बीएसटीडीसी) के प्रबंध निदेशक श्री नन्द किशोर और पर्यटन विभाग के निदेशक विनय कुमार राय ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

**टीटीएफ पटना 2024 - पुरस्कार सूची**

सर्वश्रेष्ठ प्रिंट प्रचार सामग्री पुरस्कार
1. महाराष्ट्र पर्यटन
2. छत्तीसगढ़ पर्यटन
3. तेलंगाना पर्यटन
4. केरल पर्यटन

**सबसे विशिष्ट अवकाश उत्पाद पुरस्कार**
5. गोवा पर्यटन - पुनर्योजी पर्यटन
6. दिल्ली पर्यटन - दिल्ली में विरासत की सैर के लिए

सबसे आशाजनक नया गंतव्य पुरस्कार
7. त्रिपुरा पर्यटन - सुरमाचेरा तुईसोई झरना
8. मेघालय पर्यटन - वारिचोरा
9. असम पर्यटन - हाफलोंग
10. सोल्टी होटल और रिसॉर्ट - इटाहारी

आध्यात्मिक और विरासत पर्यटन संवर्धन पुरस्कार
11. गुजरात पर्यटन - आध्यात्मिक और विरासत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए
12. पंजाब पर्यटन - सिख सर्किट को बढ़ावा देने के लिए
13. जम्मू और कश्मीर पर्यटन

सबसे होनहार विवाह स्थल पुरस्कार
14. राजस्थान पर्यटन

सबसे नवीन उत्पाद पुरस्कार
15. ओडिशा पर्यटन - इको रिट्रीट के लिए

सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक पर्यटन पहल पुरस्कार
16. उत्तर प्रदेश पर्यटन

**सर्वश्रेष्ठ इको पर्यटन और साहसिक गंतव्य**
17. बिहार पर्यटन

समूह भागीदारी पुरस्कार
18. पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार
19. तराई की यात्रा

सर्वश्रेष्ठ सजावट पुरस्कार
20. अकबर ट्रैवल्स

सर्वश्रेष्ठ मूल्य अवकाश उत्पाद पुरस्कार
21. आर्क ट्रैवल्स
22. फ्लाई24एचआरएस हॉलिडेज़ प्राइवेट लिमिटेड
23. क्यू. साइना होटल प्राइवेट लिमिटेड

पार्टनर होटल अवार्ड
24. चाणक्य होटल
25. होटल एवीआर

प्रशंसा प्रमाण पत्र
मोटरहोम एडवेंचर
पॉपुलर टूर्स, पटना
एलीफेंटा पिट रिसॉर्ट

**एसोसिएशनों को स्मृति चिन्ह**
1. नेपाल एसोसिएशन ऑफ टूर एंड ट्रैवल्स एजेंट्स, नट्टा - श्री कुमार मणि थापलिया, अध्यक्ष
2. हिमालयन हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिम डेवलपमेंट नेटवर्क, एचएचटीडीएन - श्री. सम्राट सान्याल, महासचिव
3. ताहत - श्री सुभाष चंद्र भुनिया, उपाध्यक्ष
4. एबीटीओ
5. टैब
6. आईएटीओ
7. एडीटीओआई